city भास्कर

INDORE, THURSDAY, 23/04/2015

नशे की लत जैसी ही है साइबर क्राइम टेंडेंसी

SEMINAR

सिटी रिपोर्टर • सेफ इंटरनेट यूजिंग के लिए पिछले दिनों शहर में साइबर क्राइम पर सेमिनार हुआ। इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में हुए इस सेमिनार में पीआरटीएस के डायरेक्टर आईजी वरुण कपूर स्टूडेंट्स को बताया कि साइबर क्राइम की टेंडेंसी भी ड्रग्स की लत की तरह है। इन दोनों से दूर रहना जरूरी है।

फेसबुक, वॉटसएप्प जैसी एप्स युवाओं की लाइफस्टाइल बन गए हैं। इनका इस्तेमाल भी अहतियात से करें। वरुण कपूर ने बताया कि दुनिया में नशाखोरी पहले और साइबर क्राइम दूसरे नंबर पर है। इन पर अत्यंत निजी फोटोज़ का एक्सचेंज और शेअरिंग हो रही है। यह खतरनाक साबित हो सकता है। ये साइट्स और एप्स सहूलियत के लिए इस्तेमाल करें। प्रायवेट फोटोज़ की शेअरिंग से आप खुद को रिस्क में डाल रहे हैं।